## स्वच्छ सर्वेक्षण की जमीनी तैयारियों को लेकर प्रयास हुए तेज

# जिला स्तरीय अधिकारियों ने वार्डों में पहुंचकर परखी सफाई व्यवस्था, दिए आवश्यक निर्देश

**पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।**

स्वच्छ सर्वेक्षण के निर्धारित मानकों के अनुरूप शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से अब जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा जमीनी स्तर पर सतत मॉनिटरिंग प्रारंभ कर दी गई है।

कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देशानुसार शनिवार प्रातः जिला स्तरीय अधिकारियों ने विभिन्न वार्डों एवं सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था, कचरा प्रबंधन एवं जल निकासी व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों के तहत अधिकारियों ने वार्डों में नियमित सफाई, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण, नालों की सफाई, सार्वजनिक शौचालय एवं यूरिनल की स्वच्छता सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान आमजन एवं व्यवसायियों से संवाद कर स्वच्छता बनाए रखने, डस्टबिन का उपयोग करने तथा नगर को स्वच्छ रखने में सहभागिता निभाने की अपील भी की गई। सहायक कलेक्टर श्री श्लोक वाईकर ने बी. डी. अग्रवाल वार्ड का निरीक्षण कर मुख्य मार्गों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था एवं कचरा संग्रहण वाहनों की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने साधुराम स्कूल एवं अहिंसा तिराहे स्थित यूरिनल की नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा देश भंडार के पास स्थित नाले की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। इसी क्रम में तहसीलदार नेहा जैन द्वारा बिरसा मुंडा वार्ड, कटनी ग्रामीण के अतुलेश सिंह द्वारा जालपा वार्ड, नायब तहसीलदार साक्षी शुक्ला द्वारा बस स्टैंड परिसर, श्रम अधिकारी के. बी. मिश्रा द्वारा राहुल बाग क्षेत्र एवं लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी मनसा सिंह द्वारा वार्ड क्रमांक 14 की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। वहीं एस.डी.ओ. श्री संतोष मंगलानी सहित अन्य जिला अधिकारियों ने भी विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर स्वच्छता व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के नोडल अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम भी उपस्थित रही। जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर किए जा रहे यह सतत निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग प्रयास शहर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं जनसहभागिता आधारित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही हैं।



## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कटाएघाट में ट्रैश क्लीनर मशीन से नदी सफाई कार्य जारी

### अत्याधुनिक ट्रैश क्लीनर मशीन के माध्यम से लगभग 350 मीटर क्षेत्र से हटाई गई चोई एवं अन्य अपशिष्ट

**पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।**

जल स्रोतों के संरक्षण, संवर्धन एवं स्वच्छता को लेकर नगर निगम कटनी द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कटाएघाट स्थित नदी क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान अनवरत रूप से जारी है। अभियान के तहत उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से पहुंची अत्याधुनिक ट्रैश क्लीनर मशीन के माध्यम से नदी में जमी चोई, जलीय अपशिष्ट एवं अन्य अवांछित सामग्री को हटाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। नगर निगम प्रशासन द्वारा किए जा रहे इस विशेष प्रयास के अंतर्गत अब तक लगभग 350 मीटर लंबाई के नदी क्षेत्र से बड़ी मात्रा में चोई एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री को हटाया जा चुका है।

मशीन आधारित सफाई कार्य के कारण नदी के जल प्रवाह में सुधार होने के साथ-साथ घाट क्षेत्र की स्वच्छता एवं सौंदर्य में भी सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देने लगा है। निगम प्रशासन का यह प्रयास केवल सफाई अभियान तक सीमित न होकर जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन की दिशा में जन जागरूकता का प्रभावी संदेश भी प्रसारित कर रहा है। अभियान के माध्यम से आमजन को यह संदेश दिया जा रहा है कि स्वच्छ एवं निर्मल जल स्रोत आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर हैं, जिनके संरक्षण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। नगर निगम द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नदी, तालाब एवं अन्य जल स्रोतों की स्वच्छता, सार्वजनिक कुओं की सफाई, सहित जल संरक्षण की दिशा में विभिन्न गतिविधियों को निरंतर गति प्रदान की जा रही है।



## रिफायनरी हॉस्पिटल द्वारा मेडिको लीगल केसेस विषय पर सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम




**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**

विवेकानंद केंद्र बीना रिफायनरी हॉस्पिटल द्वारा मेडिको लीगल केसेस विषय पर सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गेस्ट स्पीकर के रूप में डॉ आर के सिंह एवं डॉ आर के सक्सेना, अमल्तास मेडिकल कॉलेज, उज्जैन से विशेष रूप से उपस्थित हुए। अपने व्याख्यान में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विभिन्न मेडिको लीगल केसेस के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उपस्थित डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ को ऐसे मामलों के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों,आवश्यक दस्तावेजीकरण, कानूनी प्रक्रियाओं एवं महत्वपूर्ण बिंदुओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।इस अवसर पर अतिथि वक्ताओं का स्वागत स्मृति चिन्ह एवं विवेकानंद साहित्य भेंट कर किया गया। दीक्षित ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## ईश्वर समय नहीं, श्रद्धा और समर्पण देखते हैं: जया किशोरी

**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**

धार्मिक,सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना से सराबोर बीना नगरी में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथा प्रवक्ता जया किशोरी के पावन मुखारविंद से अत्यंत श्रद्धा,उत्साह और भक्ति भाव के साथ हुआ।

कथा के प्रथम दिवस पर ही हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान कर दिया। विशाल कथा पंडाल श्रद्धालुओं से पूरी तरह खचाखच भरा नजर आया तथा पूरा वातावरण राधे-राधे,जय श्री कृष्ण और भक्ति गीतों से गुंजायमान हो उठा। जैसे ही जया किशोरी जी मंच पर पहुंचीं, श्रद्धालुओं ने खड़े होकर उनका स्वागत किया। कथा स्थल पर उपस्थित भक्तों की आंखों में श्रद्धा और चेहरे पर आध्यात्मिक आनंद स्पष्ट दिखाई दे रहा था। कथा के दौरान श्रद्धालु कभी भावुक हुए तो कभी भजनों की धुन पर झूमते नजर आए। पूरा वातावरण भक्तिमय ऊर्जा से ओतप्रोत दिखाई दिया। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में जया किशोरी जी ने श्रद्धालुओं को जीवन में भक्ति, संस्कार, सेवा और सकारात्मक सोच का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि ÷भगवान को पाने के लिए वर्षों की कठिन तपस्या आवश्यक नहीं है, बल्कि सच्चे मन और भाव से किया गया स्मरण ही पर्याप्त है। ईश्वर समय नहीं, बल्कि श्रद्धा और समर्पण को देखते हैं।

उन्होंने कहा कि आज के समय में मनुष्य बाहरी दिखावे में उलझता जा रहा है, जबकि भगवान केवल निर्मल भाव और सच्ची आस्था को स्वीकार करते हैं। यदि व्यक्ति सच्चे मन से भगवान का स्मरण करे तो जीवन की कठिनाइयां स्वतः सरल होने लगती हैं।




## सोना, डोलोमाइट समेत बहुमूल्य खनिजों के भंडार से निवेश उद्योग और रोजगार को मिलेगा नया विस्तार

**पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।**

कटनी अब मध्यप्रदेश के सबसे बड़े खनिज एवं औद्योगिक केंद्रों में शामिल होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कटनी को ÷माइनिंग कैपिटल÷ और ÷स्वर्ण नगरी÷ के रूप में विकसित करने की बात कहते हुए कहा कि जिला खनिज आधारित औद्योगिक विकास का राष्ट्रीय मॉडल बनेगा। जिले के बड़ेरा और बचरबाड़ा क्षेत्र में 50 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर डोलोमाइट के तीन बड़े ब्लॉक्स आरक्षित किए गए हैं। वहीं स्लीमनाबाद तहसील के इमलिया गांव में लगभग 3.35 लाख टन स्वर्ण अयस्क मिलने का अनुमान है। इस क्षेत्र में सोने के साथ तांबा, जिंक, लेड और चांदी जैसे खनिज भी पाए गए हैं। सरकार ने स्वर्ण अयस्क क्षेत्र के विकास के लिए 50 वर्षों की खनन लीज निजी कंपनी को दी है, जिससे बड़े स्तर पर निवेश और रोजगार सृजन की संभावना बढ़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खनिज संपदा के वैज्ञानिक और पारदर्शी उपयोग के जरिए प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### जलप्लावन की समस्या के निराकरण हेतु निगम प्रशासन निरंतर प्रयासरत

## निगमायुक्त परिहार ने जलभराव के संभावित स्थलों का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

**पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।**

आगामी वर्षा ऋतु के दौरान नगर में जलप्लावन की स्थिति निर्मित न हो तथा नागरिकों को सुगम आवागमन एवं बेहतर जल निकासी व्यवस्था उपलब्ध हो सके, इसे दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जा रही हैं।

इसी क्रम में निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा शनिवार प्रातः नगर के वार्ड क्रमांक 16 एवं 17 स्थित जागृति कालोनी के विभिन्न स्थलों, एनसीसी कार्यालय के पास, कोहली जी के खेत के पास, वॉलीबॉल मैदान के सामने की नालियों, रपटा नदी सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों एवं मैदानी अमले को निर्देशित किया कि शेष नाले-नालियों की सफाई, जल निकासी मार्गों से अवरोध हटाने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने क्षेत्रीय नागरिकों से संवाद कर वार्ड की सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था की जानकारी भी ली। रपटा नदी निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने नदी के पास फैले मलबे की सफाई कराने के निर्देश भी स्वास्थ्य विभाग को दिए। निगमायुक्त ने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान जलभराव की समस्या का प्रभावी निराकरण निगम प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें तथा संभावित स्थलों पर नियमित मॉनिटरिंग कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में जलभराव की संभावना अधिक रहती है, वहां विशेष सतर्कता बरती जाए तथा आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त अमले एवं मशीनरी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए, जिससे वर्षा के दौरान जल निकासी व्यवस्था बाधित न हो। विदित हो कि नगर निगम द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नाले-नालियों की सफाई, जल निकासी तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं स्वच्छता संबंधी कार्य अभियान स्वरूप निरंतर संचालित किए जा रहे हैं, ताकि नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध हो सके और वर्षा के दौरान जलभराव की स्थिति का सामना न करना पड़े। इस दौरान नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग एम एस डब्लू एवं सहयोगी संस्था विज़न टीम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



## मदर्स डे की पूर्व संध्या पर 84 वर्ष की मां ने लिया देहदान का संकल्प

**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**

मदर्स डे की पूर्व संध्या पर एक मां ने अमर ज्योति नेत्रदान परिवार के माध्यम से मरणोपरांत देहदान का संकल्प लेकर एक अनूठी मिसाल पेश की अमर ज्योति के संयोजक मनोहर डिगवानी ने बताया कृष्णा नगर निवासी संदीप सिंह जग्गी जी की 84 वर्षीय पूज्यनीय माता श्रीमती इंद्रजीत कौर जी जग्गी ने 9 मई शनिवार को निज निवास पर देहदान का संकल्प लिया ।

माताजी ने भावुक होकर कहा आज जो डॉक्टर बनने के लिए पढ़ रहे हैं वह सभी मेरे बच्चों और पोते पोतियों के समान है मेरे जाने के बाद यदि मेरी देह से वो सीख कर किसी की जान बचाए तो इससे बड़ा मातृत्व का सुख क्या होगा। मेरे भाई ने भी पहले देहदान किया है बस यही इच्छा है कि मेरा हर अंग किसी के काम आए अमर ज्योति के विनोद गेलानी ने बताया अमर ज्योति पिछले 13 वर्षों से निरंतर नेत्रदान देहदान की अलख ज्योति जगाई है अभी तक 887 नेत्रदान हो चुके हैं एवं 81 लोगों ने देहदान का संकल्प लिया जबकि 3 देह मेडिकल कॉलेज को सौंप जा चुकी है। इस अवसर पर सुपुत्र संदीप सिंह जग्गी बहु तरनजीत कौर पोती सोनिया गांधी पोता मनुप्रीत जग्गी संयोजक मनोहर डिगवानी मनोज अरोडा प्रदीप अरोडा कमल पुरुस्वानी विनोद गेलानी सुमित विरमानी प्रमुख रूप से उपस्थित है। मां के देहदान का संकल्प लेने पर मार्गदर्शक योगेश ताम्रकार,संयोजक मनोहर डिगवानी,कमल पुरस्वानी, मनोज अरोरा,नरेंद्र चंद्र गुप्ता,पुष्पराज सिंह, हरिओम गुप्ता, मनमोहन माहेश्वरी, विभाष बनर्जी, विनोद गेलानी, सुधीर जैन,ललित खुराना, दिलीप सोनी, प्रदीप अरोरा, विपुल हांडा, संजय वाधवानी,अनिल तरुण ठक्कर,भरत आहूजा,पंकज आहूजा, श्रीमती मंजूषा शाह दिनेश अग्रवाल, अशोक ताम्रकार, उमेश लोहिया,डॉ प्रकाश सिंह,ज्ञान खटवानी, मनीष टेकवानी, धीरज टंडन, बलराम गुनानी सहित सभी सदस्यों ने परिजनों के प्रति साधुवाद प्रेषित किया है।




## एसपी मनोहर सिंह मंडलोई की सख्ती-अवैध हथियार रखने बाले 17 आरोपियों पर आर्म्स एक्ट में कार्रवाई

### पुलिस अधीक्षक की जीरो टॉलरेंस नीति का असर, विशेष अभियान में 25 से अधिक अवैध हथियार बरामद

**पीपुल्स प्रवक्ता टीकमगढ़।**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के स्पष्ट निर्देशों के पालन में, आईजी सागर ज़ोन मिथिलेश शुक्ला एवं डीआईजी छतरपुर विजय खत्री के मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में जिले में अपराध एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिले में अवैध हथियार रखने एवं उनकी तस्करी पर कठोर नियंत्रण स्थापित करने हेतु दिनांक 21 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक विशेष अभियान संचालित किया गया।

अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सक्रिय मुखबिर तंत्र विकसित कर अवैध हथियारों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा , एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के पर्यवेक्षण में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक कार्रवाई करते हुए आर्म्स एक्ट के अंतर्गत 17 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए तथा 17 आरोपियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की गई।

**अभियान के दौरान जब्त किए गए अवैध हथियार:** जप्त समस्त हथियारों को विधिवत विवेचना में लेते हुए आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। टीकमगढ़ पुलिस द्वारा सक्रिय मुखबिर तंत्र, सतत निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई के माध्यम से अपराधियों के मंसूबों को लगातार विफल किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं आमजन में सुरक्षा का वातावरण स्थापित करने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

**पुलिस अधीक्षक का स्पष्ट संदेश:** अवैध हथियार रखने वालों के लिए जिले में कोई स्थान नहीं है। अवैध हथियारों के विरुद्ध सख्त एवं निरंतर कार्रवाई आगे भी पूरी दृढ़ता एवं प्रतिबद्धता के साथ जारी रहेगी।




## मां अपने आप में एक महाकाव्य होती है मां से बड़ा महाकाव्य दुनिया में कोई दूसरा नहीं:राम शर्मा

### मातृ दिवस पर मां को किया नमन



**राजेश बबेले**
**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**

मां अस्तित्व ही नहीं हृदय की आवश्यकता है प्रथम शिक्षा प्रथम गुरु प्रथम सुरक्षा का आवरण मां होती है मां का महत्व किसी से छुपा नहीं है मां अनेकों कष्ट सहन करती है परंतु अपनी संतान को सुख पहुंचाती है यह बात अथक पथ संग्रहालय में आयोजित मातृ दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित गोष्ठी में कि गई अपने जीवन में मां का योगदान विषय पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर शुभ्रा शुक्ला ने कही।

कार्यक्रम में आयोजक राम शर्मा ने बताया की मां के माध्यम से कि हमने अनेकों ग्रंथ पढ़ लिए मां अपने आप में एक महाकाव्य होती है मां से बड़ा महाकाव्य दुनिया में कोई दूसरा नहीं मां सबसे पहले जागती है सबसे बाद में सोती है मां किसी भी कीमत पर मां के ऋण को नहीं चुकाया जा सकता आशीष तिवारी ने भी मां के कार्यों को बहुत महान बताया।स्नेहा जाटव ने बताया की मां जन्म देने वाली हो या पालने वाली या संरक्षण देने वाली दोनों ही महत्वपूर्ण होती है श्री कृष्ण इसका उदाहरण है निधि सुमन ने बताया कि दुनिया भर का प्यार मां में समाया होता है सुषमा तिवारी ने मां पर एक कविता सुनाई रिया व्यास ने मां के समर्पण को महान त्याग बताया रितिका तिवारी ने बताया कि भारत एक मात्र ऐसा देश है जहां अपनी मां तो है ही साथ में गाय गंगा गीता तुलसी माता और भारत माता भी पूजनीय है रितिका पंथी हरि शर्मा यशस्वी पटेरिया आयुषी जैन ने भी इस अवसर पर अपने विचार प्रकट किए।

## एसपी मंडलोई की पहल से भरोसा वर्ग बना महिलाओं के विश्वास और सुरक्षा का मजबूत मंच और जागरूकता का सशक्त माध्यम

**पीपुल्स प्रवक्ता टीकमगढ़।**

महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से टीकमगढ़ पुलिस द्वारा संचालित महिला सुरक्षाङ्कस्वतंत्रताङ्कसम्मान अभियान निरंतर प्रभावी रूप से आगे बढ़ रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आयोजित भरोसा वर्ग कार्यक्रम महिलाओं के साथ संवाद, सुरक्षा जागरूकता और विश्वास निर्माण का सशक्त मंच बनकर उभरा है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में जिलेभर में पुलिस टीमें गांव-गांव पहुंचकर महिलाओं एवं युवतियों से सीधे संवाद स्थापित कर रही हैं। इस दौरान उन्हें उनके कानूनी अधिकारों, आत्मरक्षा के उपायों, साइबर सुरक्षा एवं आपातकालीन सहायता व्यवस्थाओं की सरल एवं व्यवहारिक जानकारी दी जा रही है।

**चंदेरा क्षेत्र में आयोजित हुए विशेष जागरूकता कार्यक्रम:** इसी क्रम में दिनांक 08 मई 2026 को थाना चंदेरा क्षेत्र अंतर्गत पुलिस टीम द्वारा विभिन्न ग्रामों में विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवतियों एवं आमजन ने सहभागिता करते हुए पुलिस की इस पहल का स्वागत किया। महिलाओं को 1090, 1930 एवं 112 हेल्पलाइन नंबरों की उपयोगिता समझाते हुए आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। 13,770 से अधिक महिलाओं तक पहुंचा जागरूकता अभियान टीकमगढ़ पुलिस द्वारा संचालित इस अभियान के माध्यम से अब तक जिले में 13,770 से अधिक महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया जा चुका है। यह आंकड़ा अभियान की व्यापक पहुंच एवं समाज में उसके सकारात्मक प्रभाव को दर्शाता है। यह पहल महिलाओं के बीच सुरक्षा, आत्मविश्वास और सम्मान की भावना को और अधिक मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

**पुलिस अधीक्षक का संदेश:** महिलाओं की सुरक्षा केवल कानून व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक विश्वास और सम्मान से जुड़ा दायित्व है। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक महिला स्वयं को सुरक्षित, समर्थ और आत्मविश्वासी महसूस करे। टीकमगढ़ पुलिस भविष्य में भी इस प्रकार के संवेदनशील एवं जनजागरूकता आधारित अभियानों को निरंतर जारी रखेगी। टीकमगढ़ पुलिस जनविश्वास के साथ सुरक्षा, संवेदनशीलता के साथ सेवा।



## कलेक्टर विदिशा मुखर्जी की सख्ती से हरकत में आया मां शारदा प्रबंध समिति प्रशासन

### करोड़ों की बकाया वसूली पर चला अभियान

**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**

बीते दिनों मैहर जिले की *कलेक्टर विदिशा मुखर्जी की सख्ती के बाद मां शारदा प्रबंध समिति प्रशासन पूरी तरह हरकत में आ गया है। वर्षों से लंबित करोड़ों रुपये की बकाया वसूली और अनियमितताओं को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बकाएदारों को स्पष्ट संदेश दिया कि अब लापरवाही और ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में समिति से जुड़े दुकानदारों, ठेकेदारों और अन्य बकाएदारों को बुलाकर लंबित राशि जमा कराने एवं वर्षों से अटके मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। जानकारी के अनुसार मां शारदा प्रबंध समिति की करोड़ों रुपये की बकाया राशि लंबे समय से वसूली के इंतजार में पड़ी हुई है, जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए तत्काल विशेष वसूली अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कई बकाएदारों ने अपनी समस्याएं कलेक्टर के समक्ष रखीं। इस पर कलेक्टर विदिशा मुखर्जी ने आश्वासन दिया कि समिति द्वारा विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे, ताकि लोग अपनी बकाया राशि जमा कर सकें और संबंधित समस्याओं का समाधान भी हो सके। उन्होंने समिति कर्मचारियों को निर्देशित किया कि नियमों के दायरे में रहकर हर उचित समस्या का निराकरण किया जाए। बैठक में मां शारदा मंदिर परिसर के अमानती सामान गृह का मामला भी प्रमुखता से उठा। सूत्रों के मुताबिक कई महीनों से कुछ ठेकों का विधिवत एग्रीमेंट तक नहीं हुआ, इसके बावजूद कथित मिलीभगत से संचालन जारी रहा। सभी ठेके के संचालन पूरी पारदर्शिता और नियमों के अनुरूप कराया जाए तथा जल्द से जल्द विधिवत ठेका प्रक्रिया पूरी की जाए। सूत्रों की मानें तो *नवागत कलेक्टर* की इस कार्रवाई के बाद समिति से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति है।

